(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ग) सरकार इस टेलीफोन केन्द्र की पूरी तरह मरम्मत करने और इसे कार्य करने लायक बनाने के लिए क्या कदम उठाने का विचार रखती है; और

(घ) यदि कोई कदम उठाने का विचार नहीं है तो इसके क्या कारण हैं ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) और (ख) जी, नहीं। तथापि कुछ दिक्कतें पेश आई हैं, जिन्हें दूर कर दिया गया है।

(ग) और (घ) (i) एक नई जंक्शन के बिल बिछा दी गई है और अपेक्षित उपस्कर (लोडिंग कॉइल) इसके ऊपर संस्थापित किया जा रहा है ताकि इसे जंक्शन के कार्यकरण के अनुरूप बनाया जा सके।

(ii) 1993-94 में मौजूदा इलैक्ट्रोमैकेनिकल एक्सचेंज को इलेक्ट्रानिक एक्सचेंज से बदलने का प्रस्ताव है। इसके लिए काम शुरू हो चुका है। एक उपयुक्त यू.एच.एफ. माध्यम की भी योजना बनाई गई है।

Commemorative stamp in memory of Dr. Pranakrushna Panija

843. SHRI PRAVAT KUMAR SAMANTARAY:

SHRI BASANT KUMAR DAS:

Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether there is any proposal under consideration of Government to bring out a commemorative postage stamp in memory of Dr. Pranakrushna Parija a great Scientist, whose birth/Centenary year is going to be completed by April, 1993; and

(b) if so, what are the details thereof?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI SUKH RAM): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

दिल्ली के लिये टेलीफोन सलाहकार समिति का गठन

844. **श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल** : क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड, दिल्ली की सलाहकार समिति का अब तक गठन नहीं किया गया है ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(ग) इसे कब तक गठित कर दिया जायेगा और कौन-कौन लोग इसके सदस्य होंगे ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) अगस्त, 1992 में दिल्ली के लिए निम्नलिखित टेलीफोन सलाहकार समितियां गठित की गई हैं :-

(i) दिल्ली मुख्य

(ii) दिल्ली केन्द्रीय जोन

(iii) दिल्ली पूर्वी जोन

(iv) दिल्ली पश्चिम जोन

(v) दिल्ली उत्तरी जोन

(vi) दिल्ली दक्षिणी जोन

(ख) ऊपर (ख) भाग में उल्लिखित उत्तर को ध्यान में रखते हुए प्रश्न नहीं उठता।